**दिनांक–24.11.2025 को ईखायुक्त, बिहार, पटना की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025–26 में कार्यान्वित मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा हेतु VC के माध्यम से आयोजित बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थिति–** मुख्यालय के सभी सहायक निदेशक (शष्य)/सभी सहायक निदेशक, ईख विकास एवं महाप्रबंधक, सभी चीनी मिल।

1. वित्तीय वर्ष 2025–26 में कार्यान्वित मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की गई। इस योजना हेतु स्वीकृत कुल 49.00 करोड़ रू0 के विरूद्ध 13.33 करोड़ रू0 व्यय हुआ है। योजनांतर्गत प्रमाणित गन्ना बीज प्रत्यक्षण मद अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध सत्यापन के प्रगति का विवरण निम्नवत् है–

| | | | Phase 1 | | | | | | Phase 2 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Supervisor | | GM | | ADS | | Supervisor | | GM | | ADS | |
| S.N. | Mill Name | Total farmers | Processed | Pending | Seed Allotment | Pending | Challan Generated | Pending | Processed | Pending | Approved | Pending | Approved | Pending |
| 1 | HariNagar | 1853 | 953 | 900 | 459 | 494 | 445 | 14 | 10 | 1843 | 10 | 0 | 4 | 6 |
| 2 | Hasanpur | 2665 | 1654 | 1011 | 359 | 1295 | 324 | 35 | 0 | 2665 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Pratappur | 1054 | 130 | 924 | 52 | 78 | 51 | 1 | 14 | 1040 | 14 | 0 | 0 | 14 |
| 4 | Bagaha | 3700 | 506 | 3194 | 198 | 308 | 90 | 108 | 0 | 3700 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | Narkatiyaganj | 240 | 124 | 116 | 114 | 10 | 86 | 28 | 0 | 240 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Riga | 642 | 463 | 179 | 408 | 55 | 321 | 87 | 0 | 642 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | Vishnu | 2498 | 1032 | 1466 | 272 | 760 | 264 | 8 | 19 | 2479 | 19 | 0 | 17 | 2 |
| 8 | Sidhwalia | 1816 | 1343 | 473 | 797 | 546 | 785 | 12 | 19 | 1797 | 19 | 0 | 19 | 0 |
| 9 | Sugauli | 394 | 103 | 291 | 46 | 57 | 39 | 7 | 0 | 394 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | Majhaulia | 1807 | 326 | 1481 | 159 | 167 | 133 | 26 | 0 | 1807 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Lauriya | 89 | 53 | 36 | 47 | 6 | 28 | 19 | 0 | 89 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | Non-SugarMill | 100 | 87 | 13 | 84 | 3 | 84 | 0 | 0 | 100 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total : | 16858 | 6774 | 10084 | 2995 | 3779 | 2650 | 345 | 62 | 16796 | 62 | 0 | 40 | 22 |

प्रमाणित गन्ना बीज प्रत्यक्षण मद के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्राप्त 16858 आवेदन के विरूद्ध फेज–1 में मात्र सुपरवाईजर स्तर पर 6774, महाप्रबंधक स्तर पर 2995 एवं सहायक निदेशक स्तर पर 2650 आवेदन का सत्यापन हुआ है। हरिनगर के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि धान की कटनी लगभग हो गई है, अब एक सप्ताह के अन्दर कार्य हो जायेगा तथा अधिकांश कृषक वसंतकालीन बुवाई करना चाह रहे हैं। हसनपुर के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि अभी बुआई नहीं हुई है एवं आज से अभिश्रव अपलोड का कार्य प्रारंभ होगा। प्रतापपुर के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि 130 में से 51 के द्वारा बीज लगा लिया गया है एवं 25 के द्वारा आज बुआई किया जा रहा है। बगहा मिल के महाप्रबंधक के द्वारा बताया गया कि खेत तैयार हो रहा है, इस सप्ताह में हो जाएगा। नरकटियागंज मिल के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 20 किसान को बीज दिया गया है शेष उपलब्धि हेतु कार्य प्रगति पर है। रीगा मिल के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि अभी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, शीघ्र हो जायेगा। विष्णु मिल का प्रगति ठीक है एवं इस सप्ताह और प्रगति होगा। सुगौली में प्रथम फेज ठीक है परन्तु फेज–2 में प्रगति नहीं है। मंझौलिया मिल के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि नमी कम हो गया है एवं 15–20 किसान को बीज दिया गया है एवं 28 किट वितरित किया गया है। सहायक निदेशक, भागलपुर के द्वारा बताया गया कि नमी अधिक था, अब इस सप्ताह में पीरपेती प्रखण्ड का हो जाएगा। अमरपुर प्रखण्ड के किसान वसंतकालीन बुआई करना चाहते हैं। सहायक निदेशक, भोजपुर एवं दरभंगा के द्वारा बताया गया कि उनके क्षेत्र के किसान शरदकालीन बुआई के स्थान पर वसंतकालीन गन्ना बुआई करना चाहते हैं। सहायक निदेशक, मुजफ्फरपुर के द्वारा बताया गया कि 09 किसान में से 2–3 किसान तैयार हैं अगले सप्ताह तक होगा। सहायक निदेशक, पटना के द्वारा बताया गया कि 12 किसान द्वारा बुआई कर लिया गया है एवं फेज–2 हो गया है। सिधवलिया एवं विष्णु मिल का प्रस्तुतीकरण में दर्शाये गए उपादान किट वितरण की संख्या एवं पोर्टल पर प्रदर्शित संख्या में भिन्नता होने पर डाटा एनालिस्ट को निदेश दिया गया कि पोर्टल के अनुसार प्रस्तुतीकरण को अपडेट

कर लें। साथ ही सभी को निदेश दिया गया कि 15 दिसम्बर तक बुआई/अनुदान भुगतान का कार्य पूर्ण किया जाय। फेजवार सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाय एवं किसानों को अनुदान भुगतान किया जाय।

(अनुपालन–सभी सहायक निदेशक/महाप्रबंधक, सभी चीनी मिल)

2. सिंगल बड मद के सत्यापन के प्रगति की स्थिति निम्नवत् है–

| | | | Phase 1 | | | | | | Phase 2 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Supervisor | | GM | | ADS | | Supervisor | | GM | | ADS | |
| S.N. | Mill Name | Total farmers | Processed | Pending | Seed Allotment | Pending | Challan Generated | Pending | Processed | Pending | Approved | Pending | Approved | Pending |
| 1. | HariNagar | 955 | 696 | 259 | 696 | 0 | 687 | 9 | 6 | 949 | 6 | 0 | 1 | 5 |
| 2. | Hasanpur | 355 | 234 | 121 | 231 | 3 | 212 | 19 | 0 | 355 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | Pratappur | 50 | 10 | 40 | 7 | 3 | 6 | 1 | 3 | 47 | 3 | 0 | 0 | 3 |
| 4. | Bagaha | 455 | 20 | 435 | 19 | 1 | 17 | 2 | 0 | 455 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. | Narkatiyaganj | 182 | 69 | 113 | 65 | 4 | 27 | 38 | 0 | 182 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6. | Riga | 107 | 77 | 30 | 77 | 0 | 60 | 17 | 0 | 107 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7. | Vishnu | 202 | 119 | 83 | 43 | 76 | 43 | 0 | 0 | 202 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8. | Sidhwalia | 259 | 212 | 47 | 182 | 30 | 180 | 2 | 8 | 251 | 8 | 0 | 8 | 0 |
| 9. | Sugauli | 28 | 2 | 26 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 28 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10. | Majhaulia | 327 | 60 | 267 | 43 | 17 | 36 | 7 | 0 | 327 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total : | 2920 | 1499 | 1421 | 1364 | 135 | 1269 | 95 | 17 | 2903 | 17 | 0 | 9 | 8 |

इस मद अंतर्गत प्राप्त 2920 आवेदन के विरूद्ध मात्र सुपरवाईजर स्तर पर 1499, महाप्रबंधक स्तर पर 1364 (बीज आवंटन) एवं सहायक निदेशक स्तर पर 1269 आवेदन का सत्यापन हुआ है। समीक्षा में बगहा के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि इस सप्ताह में प्रगति होगी एवं सिधवलिया द्वारा बताया गया कि 08 का विपत्र भेजा जा रहा है। इस मद के प्रगति पर क्षोभ व्यक्त करते हुए सभी को निदेश दिया गया कि इस मद का शीघ्र सत्यापन कार्य एवं अन्य प्रक्रिया पूरी करते हुए राशि की निकासी भी की जाय।

(अनुपालन–सभी सहायक निदेशक/महाप्रबंधक, सभी चीनी मिल)

3. अंतरवर्ती खेती मद के सत्यापन के प्रगति की स्थिति निम्नवत् है–

| | | | Phase 1 | | | | | | Phase 2 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Supervisor | | GM | | ADS | | Supervisor | | GM | | ADS | |
| S.N. | Mill Name | Total farmers | Processed | Pending | Seed Allotment | Pending | Challan Generated | Pending | Processed | Pending | Approved | Pending | Approved | Pending |
| 1. | HariNagar | 1976 | 827 | 1149 | 761 | 66 | 3 | 758 | 0 | 1976 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | Hasanpur | 779 | 311 | 468 | 308 | 3 | 301 | 7 | 0 | 779 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | Pratappur | 254 | 57 | 197 | 1 | 56 | 1 | 0 | 0 | 254 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4. | Bagaha | 1418 | 513 | 905 | 459 | 54 | 82 | 377 | 0 | 1418 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. | Narkatiyaganj | 590 | 496 | 94 | 492 | 4 | 183 | 309 | 0 | 590 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6. | Riga | 503 | 352 | 151 | 298 | 54 | 243 | 55 | 0 | 503 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7. | Vishnu | 437 | 142 | 295 | 17 | 125 | 17 | 0 | 0 | 437 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8. | Sidhwalia | 975 | 712 | 263 | 704 | 8 | 368 | 336 | 0 | 975 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | Sugauli | 163 | 0 | 163 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 163 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10. | Majhaulia | 783 | 228 | 555 | 65 | 163 | 41 | 24 | 0 | 783 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11. | Lauriya | 173 | 119 | 54 | 119 | 0 | 26 | 93 | 0 | 173 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total : | 8051 | 3757 | 4294 | 3224 | 533 | 1265 | 1959 | 0 | 8051 | 0 | 0 | 0 | 0 |

इस मद अंतर्गत प्राप्त 8051 आवेदन के विरूद्ध मात्र सुपरवाईजर स्तर पर 3757, महाप्रबंधक स्तर पर 3224 (बीज आवंटन) एवं सहायक निदेशक स्तर पर 1265 चालान निर्गत हुआ है। सभी को निदेश दिया गया कि संशोधित प्रक्रिया के अनुरूप पोर्टल अपडेट हो गया है एवं इस मद अंतर्गत शीघ्र सत्यापन, चालान निर्गत संबंधी कार्य एवं अन्य प्रक्रिया पूरी की जाय।

(अनुपालन–सभी सहायक निदेशक/महाप्रबंधक, सभी चीनी मिल)

4. गन्ना पंजीकरण की प्रगति की स्थिति निम्नवत् है–

| Sl.No. | Mill | Total Farmers (as per GPS survey) | Total number of registration as on (17.11.2025) | Total number of registration as on (23.11.2025) | Total number of New registrations as on (23.11.2025) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HariNagar | 53667 | 9580 | 12103 | 2523 |
| 2 | Lauriya | 14234 | 750 | 1283 | 533 |
| 3 | Sugauli | 15504 | 3213 | 3897 | 684 |
| 4 | Hasanpur | 21281 | 5330 | 5389 | 59 |
| 5 | Sidhwalia | 20069 | 5662 | 6236 | 574 |
| 6 | Narkatiyaganj | 34872 | 2808 | 3552 | 744 |
| 7 | Majhaulia | 25119 | 6689 | 6807 | 118 |
| 8 | Non-SugarMill | – | 2027 | 2229 | 202 |
| 9 | Pratappur | 4357 | 1372 | 1374 | 2 |
| 10 | Riga | 6485 | 3528 | 3740 | 212 |
| 12 | Bagaha | 32363 | 6593 | 6862 | 269 |
| 13 | Vishnu | 12823 | 4456 | 4628 | 172 |
| | **Total** | **240774** | **52008** | **58100** | **6092** |

गन्ना पंजीकरण हेतु कुल लक्ष्य 240774 के विरूद्ध अभी तक मात्र 58100 पंजीकरण हुआ है। इसकी समीक्षा के क्रम में हरिनगर चीनी मिल को इस सप्ताह 2523 पंजीकरण कराने पर प्रसन्नता व्यक्त किया गया। हसनपुर के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि प्रमाणित गन्ना बीज सत्यापन कार्य के कारण विलम्ब हुआ है, इस सप्ताह में अधिक किसानों का पंजीकरण कार्य होगा। सहायक निदेशक, गोपालगंज द्वारा बताया गया कि मिल से वार्ता कर इसमें प्रगति लायी जा रही है एवं कर्मियों को लक्ष्य दिया गया है। सभी सहायक निदेशक, ईख विकास एवं ईख पदाधिकारी को यह निदेश दिया गया कि सप्ताहवार पंजीकरण का लक्ष्य लेकर पंजीकरण कार्य में प्रगति लाते हुए शीघ्र पूरा किया जाय। साथ ही ईख मित्र एप को भी पंजीकरण एवं बीज उठाव आदि के समय किसानों से डाउनलोड कराया जाय।

(अनुपालन–सभी सहायक निदेशक/ईख पदाधिकारी/महाप्रबंधक, सभी चीनी मिल)

5. ईफको के पदाधिकारी श्री रमेश कुमार को कहा गया कि तत्काल मंझौलिया, सुगौली, रीगा, सिधवलिया गोदाम देने हेतु ईच्छुक हैं। इसपर श्री कुमार द्वारा कहा गया कि इस सप्ताह में संबंधित चीनी मिल से वार्ता कर कार्रवाई किया जायेगा।

**(अनुपालन–संबंधित चीनी मिल/ईफको के संबंधित पदाधिकारी)**

6. गन्ना यंत्रिकरण योजना के प्रगति की की स्थिति निम्नवत् है–

| Ada office | Mill name | Permit Generated | Dealer Supply | Verified by Manufacturer | Physical Verification by VLW | Claim Generation by Dealer | Claim Accepted by ADS | Bill Generated | Amount (Bill Generated) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ADS, BAGHA | Harinagar | 53 | 30 | 27 | 27 | 27 | 25 | 25 | 1510500 |
| ADS, BAGHA | Lauriya | 36 | 23 | 23 | 23 | 23 | 22 | 22 | 1385000 |
| ADS, BAGHA | Bagaha | 36 | 27 | 27 | 26 | 26 | 25 | 25 | 1490500 |
| ADS, BETTIAH | Majhaulia | 25 | 12 | 12 | 12 | 12 | 10 | 10 | 414500 |
| ADS, BETTIAH | Narkatiyaganj | 30 | 20 | 19 | 19 | 19 | 19 | 19 | 1084500 |
| ADS, GOPALGANJ | Sidhwalia | 18 | 10 | 10 | 9 | 9 | 9 | 9 | 242280 |
| ADS, GOPALGANJ | Vishnu | 13 | 9 | 9 | 7 | 7 | 7 | 7 | 141000 |
| ADS, MOTIHARI | HPCL Biofuel-Sugauli | 37 | 21 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 939000 |
| ADS, SAMASTIPUR | Hasanpur | 34 | 23 | 23 | 21 | 21 | 21 | 21 | 992500 |
| ADS, SITAMARHI | Riga | 33 | 18 | 18 | 18 | 18 | 18 | 18 | 926000 |
| ADS, SIWAN | Pratappur | 21 | 16 | 15 | 13 | 13 | 12 | 12 | 324080 |
| **Total :-** | | **336** | **209** | **203** | **195** | **195** | **188** | **188** | **9449860** |

संबंधित सभी सहायक निदेशक, ईख विकास एवं चीनी मिल को निदेश दिया गया कि लंबित भुगतान को वांछित कार्रवाई करते हुए शीघ्र भुगतान करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही संबंधित डीलर को पत्र के द्वारा सूचित करें कि दिनांक–29.11.2025 के उपरांत किया गया दावा मान्य नहीं होगा एवं इसके उपरांत पोर्टल पर डिस्एबल कर दिया जाएगा।

**(अनुपालन–संबंधित सहायक निदेशक/महाप्रबंधक, चीनी मिल/डाटा एनालिस्ट)**

7. सोनपुर मेला के आयोजन संबंधी कार्यो एवं मेला में होने वाली सभी कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण करने तथा होने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु कार्रवाई करने का निदेश श्री राम कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, मुख्यालय एवं श्री मनोज कुमार चौधरी, सहायक निदेशक, ईख विकास को दिया गया।

**(अनुपालन–संबंधित सहायक निदेशक)**

8. सभी चीनी मिलों से उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग द्वारा कार्यान्वित सुक्ष्म सिंचाई/ड्रिप सिंचाई के तहत उनके क्षेत्रांर्गत किसानों से आवेदन कराने हेतु पूर्व में दिए गए निदेश की समीक्षा की गई। हरिनगर द्वारा बताया गया कि अभी तक कोई किसान तैयार नहीं हुए हैं। सुगौली, हसनपुर, सिधवलिया, बगहा, नरकटियागंज द्वारा बताया गया कि 05 में से 02 किसान तैयार हुए हैं। रीगा द्वारा बताया गया कि तत्काल कोई किसान तैयार नहीं हैं एवं प्रतापपुर द्वारा बताया गया कि 05 किसान से वार्ता हुआ है, अगर कृषि विभाग से एक अधिकारी संबंधित को योजना की जानकारी प्रदान करते तो अच्छा हो जाता। सहायक निदेशक, सिवान एवं ईख पदाधिकारी, सिवान को सहायक निदेशक, उद्यान से वार्ता करने का निदेश दिया गया। साथ ही संबंधित चीनी मिलों को 05–05 आवेदन कराने को कहा गया एवं निदेश दिया गया कि इस लक्ष्य को पूरा किया जाय।

**(अनुपालन–महाप्रबंधक, सभी चीनी मिल/संबंधित सहायक निदेशक एवं ईख पदाधिकारी)**

9. प्रचार–प्रसार योजनांतर्गत चलाये जाने वाले मोबाईन वाहन के संबंध में संबंधित सहायक निदेशक, ईख विकास को कार्य योजना यथा–जी.पी.एस. युक्त वाहन, योजना की जानकारी हेतु ऑडियो–विडियो, स्क्रीन की व्यवस्था, फसल नहीं जलाये, रैटून के लाभ, शरदकालीन बआई के लाभ, फलैक्सी इत्यादि को शामिल कर तैयार करने का निदेश दिया गया। साथ ही आगामी बैठक में सभी संबंधित सहायक निदेशक को प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करने का भी निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–संबंधित सभी सहायक निदेशक)**

10. सभी सहायक निदेशक एवं ईख पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि 100–100 एकड़ में गन्ना लगवाने हेतु दिए गए पत्र, गन्ना बीज उत्पादन हेतु किसी सहायक निदेशक/चीनी मिल द्वारा कलस्टर का चयन, साप्ताहिक समीक्षा हेतु उपलब्ध कराये गये प्रपत्र को स्वंय/अपने अधीनस्थ ईख प्रसार पदाधिकारी एवं जनसेवक से ससमय भरकर मुख्यालय को समर्पित किया जाय। मुख्यालय में प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्रतिवेदन तैयार करने हेतु श्री कमलकांत यादव, सहायक निदेशक, गुड़ विकास को निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–सभी सहायक निदेशक/ईख पदाधिकारी/सहायक निदेशक, गुड़ विकास)**

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ईखायुक्त, बिहार।

ज्ञाप संख्या–01/विकास–16354/2025–2151/ईखा०   पटना, दिनांक– 01-12 ~~नवम्बर~~, 2025

प्रतिलिपि– मुख्यालय के संबंधित सभी पदाधिकारी/संबंधित सभी सहायक निदेशक, ईख विकास/संबंधित सभी विशेष ईख पदाधिकारी एवं ईख पदाधिकारी/महाप्रबंधक, सभी चीनी मिल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ईखायुक्त, बिहार।